# रवित का शव बुलंदशहर से गांव धोलरी पहुंचा, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव ढौलरी के विद्युत ठेकेदार का जैसे ही शव बुलदंशहर से उनके गांव पहुंचा तो यहां जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं पहले से ही उनके घर पर मौजूद ग्रामीणों में शोक छा गया। परिजन व ग्रामीणों ने इस मामले को हत्या से जोडते हुए हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और मृतक की विधवा को नौकरी और सहायता की मांग की। इस दौरान यहां एसडीएम तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी और तितावी पुलिस मौके पर पहुंच चुकीथी। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मामले में कडी कार्यवाही कराई जाएगी और पीडित परिवार को हर संभव मदद की जाएगी। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तितावी क्षेत्र के गांव धोलरी निवासी रमेश मेहनत मजदूरी करते है उनका बडा बेटा रवित कश्यप 35 वर्ष बुलदंशहर के क्षेत्र में यूपीपीसीएल ठेकेदार था। तीन दिन पूर्व वह अपने गांव से बुलंदशहर के गांव सिकंदराबाद चला गया था। गत दिवस रवित कश्यप का शव उसके कमरे से कुछ दूर स्थित शमशान घाट में पडा हुआ मिला था। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग बुलंदशहर पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव को अपने गांव ले आए।

रमेश का छोटा बेटा मोहित कुमार कचहरी में प्रेक्टिस करता है और रवित कश्यप के दो बेटी व एक बेटा है। परिजनों का कहना है कि उनके बेटे रवि के शरीर पर कुछ चोटे के निशान थे जिससे हत्या का मामला प्रतीक हो रहा है। मोहित ने बुलंदशहर के अधिकारियों को तहरीर देकर मुकदमा भी दर्ज करा दिया है।

आज शव गांव पहुंचने के बाद कुछ देर के लिए ग्रामीणों में आक्रोष पैदा हो गया उन्होने जल्द कार्यवाही और मृतक की विधवा को नौकरी की मांग शुरू की।

# एम्बुलेंस को बना दी स्कूल की मिनी बस, कटा चालान

- एआरटीओ ने चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे विभगीय टीम ने गुरूवार को जनपद में वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया। इस दौरान उन्होने स्कूली वाहनों के परमिट, फिटनेश और दस्तावेजों की जांच की। चैकिंग के दौरान एक वाहन स्कूल के रंग में रंगा हुआ भी मिला है जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान एक अनियमित्ताएं भी सामने आई है। अधिकारियों का कहना है कि छानबीन में पता चला कि उक्त वाहन का मूल पंजीकरण एंबुलेंस के रूप में है, जबकि उक्त वाहन को वर्तमान में स्कूल वाहन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। स्कूल के लिए वाहन का कलर भी बदल दिया गया था। वाहन पीले कलर में मिला। जांच में वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र, बिना वैध परमिट और बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र वाहन मिला है। उन्होने यह भी बताया कि वाहन को एनसीआर क्षेत्र में लागू राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का भी उल्लघन करके चलाया जा रहा था। इस दौरान एआरटीओ टीम के साथ मौजूद थे। इस दौरान वाहन पर चालीस हजार से अधिक का जुर्माना किया गया।

# टोल प्लाजा हैं या झगड़े के अखाड़ें

## अब फिर हुआ मुझेड़ा टोल प्लाजा पर विवाद

**मुजफ्फरनगर।** कुछ टोल प्लाजा आए दिन लडाई झगडों का अखाडा बनकर रह गए। अधिकतर विवाद गांव से सटे टोल प्लाजा पर देखने को मिल रहे है। पिछले दिनों नगर कोतवाली क्षेत्र के सहारनपुर मार्ग रोहाना चौकी के अन्तर्गत टॉल प्लाजा पर कई विवाद सामने आए जहां वाहन सवार राहगीर और टॉलकर्मियों के बीच जबरदस्त विवाद, मारपीट व गाली गलौच हुई इतना ही नहीं लाठी-डंडे भी यहं चलने की नौबत आई। पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग समय में मुकदमे दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। अब काफी समय से छपार टोल प्लाजा पर आए दिन मारपीट के मामले सामने आ रहे है। एक सप्ताह में करीब कई बार यहां वाहन सवार राहगीर और टॉलकर्मियों के बीच मुंह भाषा के साथ मारपीट व घटनाए हो चुकी है। पिछली घटनाओं को दोहराय तो टोलकर्मी के एक अधिकारी की निर्मम हत्या भी कर दी गई इतना ही नहीं रोहाना के निकट टोल प्लाजा, छपार टोल प्लाजा पर कई बार अलग-अलग किसान संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया। आरोप प्रत्यारोप की छडी लगी। बुधवार को भी छपार टोल प्लाजा पर कार सवार मां-बेटे व टोल कर्मियों के बीच हुए विवाद की वीडियो वायरल हुई। उधर मीरांपुर टोल पर भी कई बार इसी तरह के विवाद हो चुके है।

हाल में नितिन अंबानी पुत्र आनदं स्वरूप निवासी जट मुझेडा ने मुझेडा टोल प्लाजा की शिकायत एक पत्र के माध्यम से जनपद के पुलिस मुखिया से की है। नितिन अंबानी और उसके साथियों ने यहां के मैनेजर आकाश चौधरी और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए अवैध वसूली का भी आरोप जडा है। तहरीर में लिखा है कि आई-कार्ड जबरन छिन लिया गया और इसकी जांच उच्च स्तर के अधिकारी से कराई जाए। आरोप है कि उसकी कार पर तीन हजार रूपये प्रति वार्षिक का फास्ट ट्रेक वैध रूप से सक्रिय है।

# युवक की मौत में पत्नी सहित चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमे में नामजद मृतक की पत्नी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दे कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी राजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि इसके बेटे आकाश ने जहर खाकर अपनी जान दे दी है। राजू ने आरोप लगाया था कि उसके बेटे की मौत के जिम्मेदार पत्नी पायल व उर्मिला, स्वीटी व रजत है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया था आज पुलिस ने चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



मुजफ्फरनगर: गांव ढौलरी में रवि का शव आने के बाद प्रशासन से न्याय की मांग करते ग्रामीण।

# गरीब जनता दवाई को तरसे, सरकारी दवाई कूड़े पर मिली

## आयरन सिरप, टेबलेट व कब्ज की फेंकी गई दवाई, पुलिस जांच शुरू

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर गुरुवार सुबह सड़क किनारे पड़े कूड़े के ढेर में भारी मात्रा में सरकारी दवाएं मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। दवाओं के पैकेटों पर 'गवर्नमेंट सप्लाई ओनली' अंकित था, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह सरकारी अस्पतालों के लिए भेजी गई दवाएं थीं। इनमें आयरन सिरप, आयरन टेबलेट, कब्ज और अन्य बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल थीं। हैरानी की बात यह रही कि कई दवाओं की एक्सपायरी डेट अगस्त 2026 तक वैध पाई गई।

गुरुवार की सुबह जब सैर पर निकले लोगों ने जब कूड़े में दवाओं का बड़ा जखीरा देखा तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश कुमार स्वास्थ्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी दवाओं को कब्जे में लेकर बोरे में भरवाया। बाद में इन्हें सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर सीज कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि सरकार गरीब मरीजों और बच्चों के उपचार के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराती है, लेकिन यदि वही दवाएं कूड़े में फेंकी जा रही हैं तो यह सरकारी धन और स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर अनदेखी है। लोगों ने सवाल उठाया कि जब अस्पतालों में मरीजों को पर्याप्त दवाएं नहीं मिल पातीं, तब इतनी बड़ी मात्रा में उपयोग योग्य दवाएं आखिर कूड़े तक कैसे पहुंच गईं।

**वितरण और स्टॉक व्यवस्था पर उठे सवाल:** घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की दवा वितरण प्रणाली और स्टॉक प्रबंधन को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि या तो दवाओं के रखरखाव में भारी लापरवाही बरती गई या फिर जानबूझकर उन्हें नष्ट करने के उद्देश्य से फेंका गया। लोगों ने दवाओं की खरीद, स्टॉक रजिस्टर और वितरण रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग की है ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

**पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा:** विशेषज्ञों के अनुसार खुले में दवाओं को फेंकना स्वास्थ्य विभाग के नियमों का उल्लंघन है। ऐसी दवाएं बच्चों, जानवरों और आम लोगों के लिए खतरा बन सकती हैं। यदि कोई बच्चा इन्हें गलती से खा ले या जानवर इनके संपर्क में आ जाएं तो गंभीर हादसा हो सकता है। कूड़े में पड़ी कुछ दवाएं एक्सपायर भी मिलीं, जबकि कई पूरी तरह उपयोग योग्य अवस्था में थीं।

## दोषी पर होगी कार्रवाई: सीएचसी प्रभारी

**खतौली।** सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि कांवड़ पटरी मार्ग पर सरकारी दवाएं मिलने की सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची थी। सभी दवाओं को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ दवाएं एक्सपायर थीं, जबकि कई की एक्सपायरी अभी बाकी थी। मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य विभाग की बढ़ी मुश्किलें

- कही निजी मेडिकल स्टोर व क्लीनिकों पर तो नहीं हो रही आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कांवड़ पटरी मार्ग पर कूड़े के ढेर में बड़ी संख्या में सरकारी दवाइयां मिलने के मामले ने स्वास्थ्य विभाग को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। गुरुवार को मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बरामद दवाइयों की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है, जबकि कई दवाइयों की वैधता अवधि अभी समाप्त भी नहीं हुई थी। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर उपयोग में लाई जा सकने वाली दवाओं को कूड़े में क्यों फेंका गया।

स्वास्थ्य विभाग भले ही इन दवाइयों से अपना संबंध होने से इंकार कर रहा हो, लेकिन घटनास्थल से मिली दवाइयों ने कई गंभीर आशंकाओं को जन्म दे दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ये दवाइयां सरकारी अस्पतालों की नहीं हैं तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी पैकिंग वाली दवाएं वहां तक पहुंचीं कैसे। क्षेत्र में चर्चा है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए आने वाली दवाइयों की आपूर्ति कहीं निजी मेडिकल स्टोरों, क्लीनिकों या डॉट सेंटरों तक तो नहीं की जा रही थी। वहीं, हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा खतौली क्षेत्र में अपंजीकृत क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैब और निजी स्वास्थ्य केंद्रों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद भी इस मामले को जोड़कर देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि कार्रवाई के डर से कहीं किसी निजी संचालक ने सरकारी दवाओं को जल्दबाजी में कूड़े में फिंकवा तो नहीं दिया।

यदि जांच में ऐसा सामने आता है तो यह स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल होगा कि सरकारी दवाइयां निजी हाथों तक आखिर पहुंच कैसे रही थीं और इसके पीछे कौन लोग शामिल थे। क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है और पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

# खतौली में मिली सरकारी दवाइयों पर उठे सवाल

## अवैध क्लीनिक व दवाइयों के स्टोरों पर छापेमारी व जांच अभियान लगातार जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिकायत और हादसों के बाद स्वास्थ्य विभाग अब कार्यवाही के लिए पूरी तरह भागदौड कर रहा है। दो-तीन दिन के भीतर कई झोलाछाप चिकित्सकों के अस्पताल, दवाईयों के स्टोर पर भी कार्यवाही हो चुकी है, लेकिन बार-बार हम ये ही कहेगी कि विभाग उस वक्त ही कार्यवाही करता है जब बिना डिग्री के अस्पतालों में किसी की जान चली जाती है, हालांकि कार्यवाही का असर इसी से लगाया जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग ने खतौली में छापेमार कार्यवाही की और किसी ने सरकारी दवाईयां जो बिना एक्सपायर डेट की थी उनको नहर पट्डी के निकट फेंक दिया गया। जांच पडताल के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इन दवाईयों ने कुछ एक्सपायर डेट थी तो कुछ मरीज को दी जा सकती है अब सवाल यह है कि बरामद दवाईयों पर सरकार की मोहर लगी हुई है और जब अधिकतर दवाई जिनमें केल्सियम की शीशी व अन्य दवाईयां है वह बिना एक्सपायर डेट की और सरकारी मोहर लगी थी वो किसने और क्यो फेंकी है? यह भी सवाल लाजिब होगा कि सरकारी अस्पताल का स्टाफ तो ऐसा करेगा नहीं, तो फिर क्या यह दवाईयां किसी निजी स्टोर या क्लीनिक से फेंकी गई है।

गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बघरा क्षेत्र स्थित अवैध अस्पतालों पर छापेमार कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर टीम ने निजी क्लीनिक और तथाकथित डॉक्टरों के यहां छापेमारे। इस टीम का नेतृत्व कर रहे एसीएमओ डॉक्टर विपिन कुमार और बघरा प्रभारी डॉक्टर अश्वनी कुमार ने कुछ क्लीनिकों पर गहनता से जांच पडताल की। इससे पहले स्वास्थ विभाग की टीम ने जानसठ और खतौली में छापेमार कार्यवाही की थी। इतना ही नहीं नगर के झोलाछाप चिकित्सकों के अस्पतालों पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है, लेकिन यहां भी एक सवाल उठ रहा है कि कई-कई बार स्वास्थ्य विभाग की कडी कार्यवाही के बाद भी झोलाछाप चिकित्सकों के अस्पताल चालू हालत में मिलते है। कई बिना डिग्री के अस्पताल ऐसे भी चल रहे है जिनमें घटना के बाद उनको सील कर दियागया और यहां के डॉक्टर ने शपथ पत्र भी दिया। गुरूवार को भी जांच पडताल के बादकुछ चिकित्सक जरूरी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके।

# मुठभेड़ में वाहन चोर घायल, बाइकें बरामद

- हाईवे स्थित खण्डर में छिपा कर रखी थी मोटर साईकिलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान दो वाहन चोर को गिरफ्तार कर एनएच-58 स्थित खडर में छिपाकर रखी गई बाइके बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने कार्यवाही मुठभेड के दौरान की है जहां दो बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायलों की पहचान मुराद अली पुत्र जाहिद हसन निवासी ग्राम सुल्तानपुर लक्सर हरिद्वार व मोनू पुत्र जसवीर निवासी मिर्जा टिल्ला सिखेडा के रूप में हुई। बदमाशों के कब्जे से एक बुलेट और कई मोटर साईकिले बरामद की गई। पकडे गए बदमाशों ने बुलेट और बाइक बेचने के लिए यहां छिपा रखी थी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने कई जनपद और कई स्थानों से बाइके चोरी करने के बाद उनकी बिक्री शुरू कर दी थी।

पुलिस ने मुठभेड के दौरान बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह बरामद होना भी बताया है। एसपी सिटी अमृत जैन ने बताया कि इनके साथियों की तलाश भी की जा रही है।

# मोबाइल टावर से लाखों के उपकरण चोरी

## बेखौफ चोरों ने 30 फीट ऊंचाई से उड़ाए 4 आरआरयू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव कुरथल में लगे हुए एयरटेल की कंपनी के मोबाइल टावर से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के उपकरण चोरी कर लिए। चोर रात के अंधेरे में करीब 30 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर टावर से चार आरआरयू यूनिट उखाड़ ले गए।

इस मामले में टावर के ऑपरेशन टेक्निशियन ने बुढ़ाना कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार कुरथल गांव में इंडस टावर्स लिमिटेड कंपनी का एयरटेल का मोबाइल टावर लगा है जिसकी साइट आईडी है। इस टावर के रख रखाव का जिम्मा टेक्निशियन विकास कुमार के पास है। विकास कुमार के अनुसार बीती 10 मई की प्रथम रात्रि अज्ञात बदमाश टावर पर चढ़ गए व करीब 30 फीट की ऊंचाई से 4 आरआरयू यूनिट चोरी कर ले गए। इस घटना से कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और साथ ही बुढाना क्षेत्र में एयरटेल की नेटवर्क सेवा भी प्रभावित होने की आशंका है। घटना को लेकर दूधाहेड़ी गांव निवासी विनय कुमार पुत्र रविन्द्र ने बीती 11 मई को बुढाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

इस संबंध में बुढाना पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेजें खंगाली जा रही हैं। जल्दी ही आरोपियों को गिरफतार कर लिया जाएगा।



खतौली: बरामद सरकारी दवाइयों को अपने कब्जे में लेते विभाग के अधिकारी।

# साइबर फ्रॉड करने में चार दबोचे

## फर्जी खाते खुलवाकर करते हैं ठगी, फर्जी दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन की कड़ी नीति और सूबे के मुख्यमंत्री के कडे रूख के चलते यूपी पुलिस अपराधियों पर लगातार कडी कार्यवाही कर रही है। शातिर अपराधी तो शायद अपराध छोडने पर मजबूर हो गए है, लेकिन अब कुछ बदमाशों ने अपराध करने का ट्रैण्ड बदलकर साइबर ठगी का अपराध शुरू कर दिया है। जनपद मुजफ्फरनगर में लगातार साइबर ठगी के नए-नए मामले सामने आ रहे है जहां एसपी क्राइम के निर्देशन में साइबर ठग लगातार जेल जा रहे है। कुछ मामले तो ऐसे सामने आए कि रिटायर्ड अधिकारी और कुछ विभाग के अधिकारी भी ठगी का शिकार हो गए है। गुरूवार को भी शाहपुर पुलिस ने फर्जी खाते खुलवाकर साइबर फ्राड करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

शाहपुर पुलिस का कहना है कि चैकिंग के दोरान सोरम गेट के निकट से चार लोगों को हिरासत में लिया गया। यह लोग यहां आने वाले यात्रियों से ठगी करने के फिराक में थे इस दौरान शाहपुर पुलिस ने सुमित कुमार पुत्र महेश चंद निवासी ग्राम नंगला पाये भरथाना इटावा व दुष्यंत राठी पुत्र राजपाल ग्राम दरौली थाना बीबीनगर जनपद बुलंदशहर, शिवम मिश्रा पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी देवडा जनपद चंदौली तथा साजिद पुत्र युसूफ निवासी ग्राम बरवाला शाहपुर को थाना लाकर पूछताछ की गई। इनके कब्जे से दो पेन कार्ड, तीन एटीएम, चार आधार कार्ड, तीन मोबाइल, छह लेटर पेड (ओम इंस्ट्रक्शन) व अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया है कि यह गिरोह फर्जी खाते खुलवाकर लोगों से ठगी करते है। यह गिरोह दिल्ली में एक व्यक्ति को फर्जी खातों को देते है।

दिल्ली में जिस व्यक्ति को खाते खुलवाकर दिए जाते है वह विभिन्न फर्म एवं कम्पनियों के बैंक खातों में भारी मात्रा में पैसा ट्रांसफार्मर किया जाता है कि और खातेधारकों को कमिशन का लालच देकर गुमराह किया जाता है।

# थप्पड़ का बदला चचेरे भाई ने खून बहाकर लिया था

## खेत पर पानी चलाते समय विवाद में फावड़े से प्रहार कर मौत के घाट उतारा था चरण सिंह को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/मोरना।** पानी चलाते समय हुई मामुली कहासुनी और एक थप्पड़ का बदला चचेरे भाई ने खून बहाकर लिया। घटना के समय दोनो भाई खेत पर पानी चला रहे थे जहां विवाद के चलते एक थप्पड़ मारने पर चचेरे भाई पर फावडे से प्रहार कर उसको मौत की नींद सुला दिया था। अब चार दिन बाद पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर खानदानी भाई को जेल भेज दिया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा के जंगल में बीते सोमवार एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला था मृतक की पहचान मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव सम्भलहेड़ा निवासी चरण सिंह के रूप में हुई थी पुलिस ने मृतक के पुत्र मनमोहन की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में लोकेश पुत्र निर्मल निवासी सम्भलहेड़ा का नाम प्रकाश में आया पुलिस ने आरोपी लोकेश को जानसठ मोरना मार्ग पर सम्भलहेड़ा के निकट गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने खुलासा करते हुए कहा कि पानी के विवाद में मृतक चरण सिंह ने उसको घुसा मार दिया था जिसके बाद उसने फावडे से हमला कर चरण सिंह को मौत के घाट उतार दिया था ऐसा पुलिस ने बताया है। घटना के बाद पुलिस से बचने के लिए शव को जटवाड़ा के जंगल में महक सिंह के गन्ने के खेत में छिपा दिया था। सोमवार को किसान महक सिंह ने पुलिस को खेत में शव पड़ा होने की सूचना दी थी पुलिस ने आरोपी को फावड़ा के साथ गिरफ्तार पर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है।



# अपहृत किशोरी की बरामदगी की मांग

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम अमिन नगर से गायब हुई किशोरी के मामले में एक बार फिर यशवीर महाराज ने इस मामले को लव जिहाद और धर्मांतरण से जोडते हुए प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। यशवीर महाराज का आरोप है कि गांव का ही युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। और यह भी आरोप है कि किशोरी के परिजन पहले ही आरोपी की गतिविधियों को लेकर परेशान थे, हालांकि किशोरी को पंजाब से अपहृत करना बताया जा रहा है, लेकिन यशवीर महाराज ने बघरा से ही अपनी आवाज उठाते हुए पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की। पीड़ित परिवार ने तितावी पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए है। अब पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी और किशोरी को भी जल्द बरामद किया जाएगा।

# भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश का कहर

**मीरापुर।** क्षेत्र में बुधवार देर रात आए भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी। अचानक बदले मौसम के चलते पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज हवाओं के कारण कई मकानों को नुकसान पहुंचा, जबकि अनेक स्थानों पर पेड़, बिजली के खंभे और बड़े-बड़े साइन बोर्ड धराशाई हो गए। तूफान के बाद पूरे क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

क्षेत्र के ग्राम संभलहेड़ा में एक निर्माणाधीन मकान पर लेंटर डालने की तैयारी चल रही थी। देर रात आए तेज तूफान और बारिश के कारण मकान की दीवारें भरभराकर गिर गईं और हजारों रुपये का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मजदूर मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना रहा। आंधी-तूफान का असर सड़कों और यातायात व्यवस्था पर भी देखने को मिला। दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग तथा पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर सैकड़ों पेड़ गिरने से कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। कई वाहन रास्तों में फंस गए और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने मिलकर पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। तेज आंधी के कारण बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। दर्जनों बिजली के खंभे गिर जाने से कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

वहीं आम के बागों में भी तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के चलते बड़ी मात्रा में कच्चे आम जमीन पर गिर गए, जिससे बाग मालिकों और ठेकेदारों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

कई स्थानों पर बड़े-बड़े आम के वृक्ष भी जड़ से उखड़ गए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों बाद इतना भयंकर आंधी-तूफान देखने को मिला है, जिसने पूरे क्षेत्र में तबाही का मंजर खड़ा कर दिया।



## सेवा के पूरे तीन साल, विकास की नई मिसाल

# अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल ने रचा इतिहास

## जनता बोली- ऐसी चेयरपर्सन न देखी न सुनी

■ 1095 दिन में सैकड़ों विकास कार्य, हर गली तक पहुंची सरकार की योजनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना के इतिहास में पहली बार कोई अध्यक्षा अपने 3 साल के कार्यकाल को विकास उत्सव में बदल रही है। उमा त्यागी कौशल ने आज नगर पंचायत की कमान संभालने के तीन वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर उन्होंने कस्बे की जनता का आभार जताया और कहा कि ये कुर्सी मेरे लिए सेवा का मंदिर है।

जब तक सांस है बुढ़ाना की गलियों को चमकाती रहूंगी। 1095 दिन के कार्यकाल में उमा त्यागी कौशल ने बुढ़ाना की तस्वीर बदल दी। टूटी सड़कों की जगह सीसी रोड, अंधेरी गलियों में एलईडी लाइट, घर घर तक साफ पानी और नालियों का जाल विकास का ऐसा सिलसिला चला कि विरोधी भी दंग रह गए। कस्बेवासियों का कहना है कि समय समय पर हुए सैकड़ों कार्यों ने बुढ़ाना को जिले का मॉडल कस्बा बना दिया। अध्यक्षा की सबसे बड़ी ताकत है उनका परिवार। पति सुबोध त्यागी, पुत्र अभिनव वशिष्ठ, जेठ प्रमोद



त्यागी व विनोद त्यागी हर रोज आवास पर आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनते हैं। राशन कार्ड से लेकर पेंशन, नाली विवाद से लेकर मकान टैक्स हर समस्या का मौके पर ही निस्तारण होता है। जनता कहती है कि मैडम के घर के दरवाजे 24 घंटे खुले रहते हैं। इन बीते तीन सालों में कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर अध्यक्षा की छवि खराब करने की कोशिश की। झूठे आरोप, एडिटेड फोटो, मनगढ़ंत कहानियां हर हथकंडा अपनाया गया लेकिन सच की उम्र लंबी होती है। कुछ ही घंटों में हकीकत सामने आते ही कस्बेवासियों और अधिकारियों ने खुद देखा कि उमा त्यागी दिन रात जमीन पर उतरकर काम करती हैं। जनता कहती है कि जो काम करता है उसी पर पत्थर फेंके जाते हैं। 3 साल पूरे होने पर व्यापारियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने खुलकर अध्यक्षा की तारीफ की। पहले सभासदों के चक्कर काटते थे अब मैडम खुद वार्ड में आकर पूछती हैं। बेटियों की शादी में अनुदान हो या बुजुर्गों की पेंशन सब समय पर मिलता है बारिश में जल भराव खत्म हो गया ऐसी सैकड़ों आवा. जें आज बुढ़ाना की गली गली से उठ रही हैं। अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल ने कहा कि 3 साल सिर्फ ट्रेलर था अभी पूरी फिल्म बाकी है। बुढ़ाना को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट कस्बा बनाना मेरा सपना है। जनता का आशीर्वाद रहा तो हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। एक नजर में 3 साल की उपलब्धियों में सड़कें, नालियां, खड़ंजे, एलईडी लाइटें, साम. ुदायिक भवन, सौंदर्यीकरण, पेयजल योजना, पेंशन आवास योजना का शत-प्रतिशत लाभ। बुढ़ाना आज कह रहा है सेविका हो तो उमा त्यागी कौशल जैसी वरना फिर कुर्सी खाली ही अच्छी है।

# केके पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में फलावदा रोड स्थित केके पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

परीक्षा परिणाम सामने आते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं की सफलता पर अभिभावकों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।विद्यालय की छात्रा अक्षिता जैन ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा निहारिका वर्मा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा नंदिनी सैनी ने 87.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में उत्साह है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार जैन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि केके पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वहीं उप-प्रधानाचार्य आतिश कुमार गुप्ता ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।









**मीरापंरु।** नगर के मुख्य मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

# भूमिया मंदिर में पुरुषोत्तम मास पर शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

■ पहले ही दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के प्राचीन भूमिया मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा बहती दिखाई दी। कथा प्रारंभ होने से पूर्व नगर के मुख्य मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत मंदिर परिसर में बनाए गए विशाल पंडाल में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास राघव ऋषि महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया।

कथा के दौरान उन्होंने भागवत कथा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत श्रवण से मनुष्य के जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं तथा उसे आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने आत्मबोध, उनके पुत्र गौकरण तथा धुंधकारी के चरित्रों का वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म, संस्कार और सदाचार का संदेश दिया।

कथा व्यास राघव ऋषि ने कहा कि कलयुग में माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई दूसरी पूजा नहीं है। जो व्यक्ति अपने माता-पिता का सम्मान और सेवा करता है।

वही सच्चे अर्थों में धर्म का पालन करता है। उनके प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बागपत से योगी अर्जुन नाथ पहुंचे, जिनका आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य यजमान की भूमिका अमित सैनी एवं सीमा सैनी ने निभाई।

इस दौरान योगी श्यामनाथ, योगी भोला नाथ, संजय माहेश्वरी, मिलकराम, ब्रिजेश, सचिन कुमार, अमरदीप, नरेश कुमार, ईश्वर सिंह, बिजेंद्र डागा, घनश्यामदास अग्रवाल, लोकेन्द्र गुर्जर, वासुदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खतौली (मु0नगर)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व सज्जनों को सूचित किया जाता है कि वार्ड नं0 1 मौ0 देवीदास म0नं0- 280 की गृहकर सूची में **श्रीमति मनव्वर जान सिद्दीकी पत्नी शकील अहमद सिद्दीकी** का नाम इन्द्राज है। उक्त भवन पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु **फैसल सिद्दीकी पुत्र शकील अहमद सिद्दीकी** के द्वारा एक प्रार्थना, बैनामे की छायाप्रति कार्यालय में प्रस्तुत की है। यदि उपरोक्तानुसार इस नाम परिवर्तन किये जाने में किसी सज्जन को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय साक्ष्य कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। अत: कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ पत्राजातों की छायाप्रति के आधार पर गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सूचित होवे।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, खतौली।


## भाकियू अ के प्रवक्ता जयंत चौधरी से मिले



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने प्रस्तावित गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के संबंध में राष्ट्रीय लो. कदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार से महत्वपूर्ण चर्चा कर सुझाव और संशोधन हेतु प्रस्ताव दिए। घंटा भर चली चर्चा में सभी बिंदुओं पर गहनता से विचार विमर्श कर तय बिंदुओं को भारत सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। चर्चा में कोल्हू,क्रेशर की परिभाषा,गन्ना मुल्य तय करते समय सभी सह उत्पादों को आधार बनाने, दो चीनी मिलों के बीच की दूरी बढ़ाने को समाप्त करने, कोल्हू,क्रेशर पर इंस्पेक्टर राज में कमी करते हुए राज्य के अधिकार पर छोड़ना, गन्ने के भुगतान, बकाया आदि का रियल टाइम डेटा बनाना आदि पर सहमति बनी मंत्री से वार्ता सकारात्मक रही। यह बैठक भविष्य में गन्ना किसानों के लिए कल्याणकारी साबित होगी

## तेज रफ्तार कार व ट्रक में भीषण भिड़ंत में चालक गंभीर घायल

**फुगाना/बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाईवे पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब लोई गांव के पास तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के चक्कर में आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। हरियाणा के करनाल निवासी लविश अपनी कार से मेरठ की ओर जा रहा था। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही वह लोई गांव के पास पहुंचा उसने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद कार सड़क पर घूम गई और लविश को चोटें आई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। इस दौरान ट्रक चालक गुरमीत और घायल कार चालक लविश के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात बढ़ते बढ़ते गाली गलौज तक पहुंच गई। हंगामा बढ़ता देख आसपास के ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाया गया तब जाकर यातायात सुचारू हो सका। फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लविश को प्राथमिक उपचार दिलाया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेपल्स एकेडमी में इंटर की मेधावी छात्राएं हुई सम्मानित



**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में गुरुवार को इंटर के सब मेधावी विद्यार्थी एक समारोह मे सम्मानित हुए। सीबीएसई 12वीं के नतीजों में मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना ने एक बार फिर से पूरे जिले में परचम लहराया है। एकेडमी की मेधावी छात्रा लविश चौधरी ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉपर बनने का गौरव पाया तो वहीं छात्रा अरीबा मेहर कुरैशी 96 प्रतिशत व वंश जैन 95.8 प्रतिशत अंक लेकर जिले की टॉप टेन सूची में शामिल हुए। तीनों छात्रों ने पूरे क्षेत्र में एकेडमी का नाम रोशन किया है। एकेडमी का ह्यूमैनिटीज व कॉमर्स स्ट्रीम का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। एकेडमी प्रबंधन ने इसे अनुशासन, आत्मबिश्वास और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा बताया। एकेडमी के 10 छात्र छात्राओं ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्रा लविश चौधरी 98.40 ह्यूमैनिटीज जिला टॉपर, छात्रा अरीबा कुरैशी 96 ह्यूमैनिटीज, छात्र वंश जैन 95.80 कॉमर्स, अक्षिता संगल 93.60 कॉमर्स, आकांक्षा 92.80 ह्यूमैनिटीज, आदित्य गोयल 92.80 कॉमर्स, स्वास्ति त्यागी 92.40 कॉमर्स, वेदांशी 92 ह्यूमैनिटीज, दया सिंह 91. 60 कॉमर्स व रक्षित तोमर 91.20 साइंस। अक्षिता संगल ने अकाउंटेंसी, लविश चौधरी ने पॉलिटिकल साइंस में सौ फीसदी अंक हासिल कर सबको चौंका दिया। पेंटिंग विषय में वैभव राजपूत, कार्तिक, दिव्या, माही सहरावत, लक्ष्य सहरावत, अवनि सहरावत, रक्षित तोमर, वंश जैन, आदित्य गोयल, स्वास्ति त्यागी, सात्विक मलिक, अरीबा मेहर कुरैशी, लविश चौधरी ने पूर्णांक प्राप्त कर एकेडमी की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। इस सफलता पर एकेडमी में सम्मान समारोह हुआ। मेधावी छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी सम्मानित किये गये। प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने सबको बधाई दी। प्रबंधक राजीव गर्ग ने कहा कि ये सफलता बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के बिवास का भी परिणाम है। मेपल्स एकेडमी केवल अंक नही संस्कार व सर्वांगीण विकास देने हेतू प्रतिब) है। प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा ने कहा कि लविश, अरीबा, वंश जैसे छात्र हर बच्चे के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने समस्त सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यहां छात्रा अरीबा मेहर के पिता इनाम कुरैशी भी मोजूद थे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोईद हसन उर्फ अब्दुल मोईद है। मुझे इन दोनो नाम से जाना जाता है। ये दोनो नाम मेरे ही नाम है।

**मोईद हसन उर्फ अब्दुल मोईद**
**पुत्र फजलुर्रहमान**
**निवासी- ग्राम खुसरोपुर**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

मैंने वर्ष 2022 में यूपी बोर्ड इलाहाबाद द्वारा संचालित हाईस्कूल की परीक्षा जनता इण्टर कॉलेज भोपा, मुजफ्फरनगर से संस्थागत रूप से उत्तीर्ण की। मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1220488133 है। मेरे हाईस्कूल मौलिक प्रमाण पत्र/अंकपत्र वास्तव में गुम हो गये है जिसको काफी तलाश किया परन्तु नहीं मिले।

**प्रियंका पुत्री श्री जनेश्वर**
**निवासी ग्राम बेलडा भोपा**
**रोड जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 4991/09.05.21 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नही कराया गया । मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अक्षज दयाल है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अमित दयाल**
**251 नार्थ सिविल लाइन्स**
**मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

**एस.डी. गर्ल्स डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर** को स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न असिस्टेंट प्रोफेसर की
**एम.ए.( राजनीतिक विज्ञान )**
**एम.एस.सी ( वनस्पति विज्ञान )**
**एम.एस.सी. ( जंतु विज्ञान )**
**प्रत्येक 02 पद।**
योग्यता व वेतन- **यू.जी-सी. व विश्व० के मानकानुसार।** इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रतियों के साथ 07 कार्यदिवसों में आवेदन करें।
**डा. दिनेश चंद्र शर्मा ( प्राचार्य ), एस.डी. गर्ल्स डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर।**
**7505101020 , 8445146120**
**Sachinkaushik255@gmail.com**

**आवश्यकता है**

सिद्धार्थ स्नातकोत्तर महाविद्यालय आखलौर खेड़ी सहारनपुर में प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों ( वनस्पति विज्ञान एवं कॉमर्स विषयों ) की । इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क। **करें 9411670619**


# भाजपा सरकार और जनता के बीच मजबूत सेतु बनें कार्यकर्ता: स्वतंत्र देव

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित दण्डी आश्रम में जारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में जल शक्ति मन्त्री स्वतंत्रदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों,पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहने का मूल मंत्र देते हुए कहा कि भाजपा सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतू बनकर कार्यकर्ता अपना दायित्व निभायें।जिला मीडिया प्रभारी पवन अरोडा ने बताया कि प्रथम सत्र में विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता सपना कश्यप ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष विशाल गर्ग ने किया।दूसरे सत्र में पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने कार्य पद्धति विषय पर प्रशिक्षण दिया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक उमेश मलिक ने की तथा संचालन रोहताश पाल ने किया।तृतीय सत्र में उत्तर प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष विनीत कात्यान ने किया।उन्होंने सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं एवं क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण



जिम्मेदारी है। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और संचालन जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहारनपुर विधायक राजीव गुम्बर, एमएलसी वन्दना वर्मा, डॉ. पुरूषोत्तम, अमित राठी,प्रमोद उटवाल, जिला उपाध्यक्ष विनीत कात्यान,मण्डल अध्यक्ष अरुणपाल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप,आंचल तोमर,श्री मोहन तायल, पंकज माहेश्वरी,इरम अली जैदी, गौरव स्वरूप, राजू अहलावत, विनोद शर्मा रूपेन्द्र सैनी,रामकुमार शर्मा, अनिल प्रमुख, अमित चौधरी, मनोहर शर्मा,धर्मेन्द्र शर्मा,अश्वनी सहरावत ,हरेन्द्र शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोहे की रॉड मार छात्र की नाक की हड्डी तोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा के दो छात्रों के बीच हुई मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि एक छात्र ने दूसरे छात्र पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे उसकी नाक की हढी टूट गई और मुंह से खून बहने लगा। गंभीर हालत में घायल छात्र का मेरठ के निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराना पड़ा। अटाली गांव निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उनका 15 वर्षीय पुत्र डीएवी पब्लिक स्कूल बुढाना में हाईस्कूल का छात्र है। बीती 09 मई को लंच के बाद स्कूल में ही उसकी दूसरे छात्र से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के दौरान दूसरे छात्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से पीड़ित छात्र की नाक पर लोहे की किसी वस्तु से वार कर दिया। हमले में छात्र की नाक और मुंह से काफी खून बहने लगा। बेटे को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल बुढ़ाना ले गए। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां एक्स रे में नाक की हढी टूटी मिली। डॉक्टरों ने 3 दिन बाद ऑपरेशन की बात कही लेकिन हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन छात्र को मेरठ के एक निजी नर्सिंग होम ले गए। नर्सिंग होम से 12 मई को ऑपरेशन के बाद छात्र को अस्पताल से छुटी मिली।

## ईंटों की ढांग गिरने से ट्रैक्टर चालक व मजदूर घायल

**फुगाना/बुढ़ाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के फुगाना खरड़ मार्ग पर स्थित एक ईंट भटे पर सुबह बड़ा हादसा होते होते टल गया। भटे के मेन हॉल में ट्रैक्टर ट्रॉली में ईंट भरते समय अचानक ईंटों की ऊंची ढांग भरभराकर गिर गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक और एक मजदूर मलबे में दबकर घायल हो गए। गनीमत रही कि समय रहते दोनों को बाहर निकाल लिया गया वरना जनहानि हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली में मजदूर ईंटें भर रहे थे। तभी भटे के अंदर लगी ईंटों की ऊंची ढांग का संतुलन बिगड़ा और वह भरभराकर ट्रैक्टर ट्रॉली पर आ गिरी। ट्रैक्टर चालक और पास खड़ा एक मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। तेज आवाज सुनकर भटे पर काम कर रहे अन्य मजदूर मौके पर दौड़े। मौके पर मौजूद मजदूरों व स्थानीय लोगों ने तुरंत मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। दोनों को मामूली चोटें आई। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बुढाना ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुटी दे दी गई। भटा संचालक ने बताया कि संभवत बारिश के कारण ईंटों की ढांग कमजोर हो गई थी।

# झूठी रिपोर्ट का लगाया आरोप

बुढाना। हबीबपुर सीकरी गांव के एक दलित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपने परिवार के साथ हुई मारपीट, जातिसूचक गालियां देने व महिला से अभद्रता की शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि फुगाना पुलिस ने कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया और हल्की धाराओं में चालान कर आरो. पियों को छोड़ दिया। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र के अनुसार दलित मोहन बीती 26 मार्च को मजदूरी के सिल. सिले में घर से बाहर था। उसका पुत्र सागर दवा लेने जा रहा था तभी रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रोककर तमंचा दिखाया और मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बेटे को छुड़ाकर घर भेज दिया। कुछ देर बाद वही युवक अपने परिवार के साथ राय होकर उसके घर में घुस गए और जातिसूचक शब्द कहते हुए पूरे परिवार से मारपीट की। उसकी पत्नी के साथ धक्का मुक्की व अभद्रता करने का भी आरोप लगाया गया है। बीच बचाव करने आए पड़ोसियों को भी चोटें आई। आरो. पियों ने धमकी दी कि अगर पुलिस में रिपोर्ट कराई तो जान से मार देंगे। उसने घटना की सूचना 112 पर दी। पुलिस आई तो आरोपी भाग गए। सराय चौकी इंचार्ज ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय 151 में चालान कर दिया। परिवार का मेडिकल नहीं कराया। उसने जन सुनवाई पोर्टल व 1076 पर भी शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि विवेचक ने गवाहों के झूठे नाम डाल दिए। मुख्यमंत्री पोर्टल पर गलत निस्तारण लगा दिया। बीते 2 मई को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया पर कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में दलित युवक ने इस मामले में आरोपियों के विरु) मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उसका कहना है कि उसे व उसके परिवार को धमकी मिल रही है।

# श्रीराम कॉलेज में शॉर्ट फार्म बिग इम्पैक्ट द पावर पर संगोष्ठी

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के सोशल मीडिया क्लब द्वारा शॉर्ट फॉर्म, बिग इम्पैक्ट-द पॉवर ऑफ डिजिटल एक्सप्रेशन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं मोस्ट पॉपुलर रील प्रतियोगिता-महीने का सर्वश्रेष्ठ व्लॉगरह के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक कंटेंट निर्माण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रथम चरण के मुख्य अतिथि शुभ कुलश्रेष्ठ, ट्रस्टी श्रीराम चौरिटेबिल ट्रस्ट, डा एससी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज, कार्यक्रम की अध्यक्षा संस्ख्रति जैन तथा विशिष्ट अतिथियों में मृदुल भाटिया, अनमोल पूरी, निशांक जैन, समाजिक कार्यकर्ता, आदिश जैन, शौर्य जैन, राघव अग्रवाल, मुकुन्द अग्रवाल, चौतन्या अग्रवाल, कनव अग्रवाल, डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा एससी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज, तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में, शुभ कुलश्रेष्ठ, ट्रस्टी श्रीराम चौरिटेबल ट्रस्ट, डा अश्वनी वशिष्ठ, निदेशक एकीकृत परिसर एसआरजीसी, डा आरपी सिंह, रिसर्च निदेशक, एसआरजीसी, डा गिरेन्द्र गौतम, निदेशक श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी, डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा सौरभ मित्तल, उप-प्राचार्च श्रीराम कॉलेज, डा ओम प्रकाश कुशवाहा, विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर डा एससी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय डिजिटल मीडिया का युग है, जहाँ युवा अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूकता, शिक्षा और जनसंपर्क का प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन चुका है। विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच के साथ उपयोग करना चाहिए, ताकि वे समाज और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल अभिव्यक्ति आज के समय में युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में मोस्ट पॉपुलर रील प्रतियोगिता-महीने का सर्वश्रेष्ठ व्लॉगर का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई रील्स में रचनात्मकता, सामाजिक संदेश, तकनीकी कौशल एवं डिजिटल प्रस्तुति का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन कर विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह में ओवरऑल के विजेताओं को विशेष नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमें आवर ऑल श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को रूपये 5100, द्वितीय स्थान हेतु रूपये 3100 तथा तृतीय स्थान हेतु रूपये 2100 की धनराशि प्रदान की गई। वहीं अन्य सभी श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को रूपये 1100, द्वितीय स्थान हेतु रूपये 700 तथा तृतीय स्थान हेतु रूप्ये 500 की नकद राशि के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में नई पहचान बनाने का अवसर देती हैं।

व्यूज केटेगरी में लॉ विभाग की निहारिका, खुशी, दीपक निरवाल, नेहा, इस्लामिया सपना, अर्पित एवं जुनेरा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीसीए विभाग के हिमेश, सौरभ राज पांडेय, शिवा गोस्वामी, अपूर्वा, कशिश, साक्षी एवं आर्यन ने द्वितीय तथा एमबीए विभाग के विक्रम राठौर, हेमंत अंतल एवं अक्षय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इंस्टीटूशनल इमेज कैटेगरी में एमबीए विभाग की सृष्टि त्यागी, वंश चौहान एवं यश ग्रोवर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाइन आर्ट्स विभाग की वागीशा द्वितीय तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के निशांत कुशवाहा, कार्तिक एवं मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आवर ऑल कैटेगरी में फाइन आर्ट्स विभाग की प्राची को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

लॉ विभाग के अर्पित खोखर द्वितीय तथा फाइन आर्ट्स विभाग की तनिषा एवं अविका तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कमेंट केटेगरी में लॉ विभाग की महीन प्रथम, जेएमसी विभाग के मोहित राय द्वितीय तथा एमबीए विभाग के अंशुल पाल तृतीय स्थान पर रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नींद की झपकी से हुई दुर्घटना

**छपार।** हाइवे पर एक डीसीएम मुजफ्फरनगर की ओर जा रही थी जब वह जय भारत इंटर कालेज से आगे पहुंची तो चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर कूद कर दूसरी ओर जाकर पलट गई जिससे एक घंटा यातायात बाधित रहा और बड़ा हादसा होने से बच गया।

बुधवार को एक डीसीएम मुजफ्फरनगर की ओर जा रही थी हाइवे पर जय भारत इंटर कालेज से कुछ दूरी पर चालक को नींद आ गई ओर डीसीएम डिवाइडर कूदकर दूसरी साइड में जाकर पलट गई। शुक्र रहा कि सामने से कोई वाहन या बाइक नहीं आई वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था ओर चालक, क्लीनर को कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंचे छपार थाना प्रभारी मोहित सहरावत ने टोल की क्रेन को बुलाया और डीसीएम को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया।चालक व क्लीनर मौके से फरार हो गए।

### जेठानी के हमले से देवरानी की हालत गंभीर

**छपार।** पारिवारिक विवाद के चलते देवरानी व जेठानी में झगडा हो गया। जेठानी ने देवरानी के पेट में लात मारी जिससे उसका गर्भ गिर गया।पीड़िता ने आरोपी महिला के विरुद्ध थाने प्राथमिकी दर्ज कराई है। गांव बिजोपुरा निवासी मदन व सचिन सगे भाई हैं उनमें वर्षो से पारिवारिक विवाद चल रहा है। कई बार झगडा हो चुका है।अब लगभग एक सप्ताह पूर्व बड़े भाई मदन की पत्नी मालती व छोटे भाई सचिन की पत्नी रीना में नल से पानी भरने को लेकर झगडा हो गया। आरोप है कि मालती ने अपनी देवरानी के पेट में लात मार दी वह गर्भवती थी उसको गंभीर चोट आई। परिजनों ने उसे चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां उसका पांच माह का गर्भ गिर गया। पीड़िता ने अपनी जेठानी के विरु) थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### विस्फोटक मामलों में फरार मुख्य आरोपी रतनपुरी पुलिस ने पकड़ा

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** थाना रतनपुरी पुलिस ने अवैध विस्फोटक निर्माण के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बीते 18 अप्रैल को मोहम्मदपुर माफी गांव में बिना लाइसेंस चल रही विस्फोटक फैक्ट्री में अचानक आग लगने से तेज धमाका हुआ था जिसमें कई मजदूर घायल हुए थे। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी अरशद को पुलिस ने सठेडी खतौली नहर पटरी स्थित हाईवे पुल के पास से पकड लिया। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, डीआईजी सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन और एसएसपी संजय वर्मा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत ये गिरफ्तारी हुई। एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में रतनपुरी पुलिस लगातार वांछितों की धरपकड़ कर रही है। बीते 18 अप्रैल को ग्राम मोहम्मदपुर माफी में कुछ लोग बिना लाइसेंस के विस्फोटक पदार्थ बना रहे थे। इसी दौरान विस्फोटक में अचानक आग लगने से जोरदार धमाका हुआ। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए थे। मौके से विस्फोटक पदार्थ व निर्माण सामग्री मिली थी। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया था। तब से मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर दारोगा मोहित की टीम ने आरोपी अरशद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोगों का पता लगा रही है।

ओवरटेक के चक्कर में ट्रक से भिड़ी कार, चालक घायल

### एक्टिंग के साथ साथ पढ़ाई में भी बनी टॉपर...

**मुंबई।** कैमरे के सामने कई सितारों को टक्कर देने वाली बालीवुड एक्ट्रेस खुशी भारद्वाज ने किताबों के मैदान में भी झंडे गाड़ दिए। सीबीएसई बोर्ड के नतीजों में बालीवुड एक्ट्रेस खुशी ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किए। उनकी इस कामयाबी पर ब्लाइंड बट ब्राइट संस्था ने ग्रैंड पार्टी के साथ उन्हें बधाई दी। खुशी ने बेहद कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया जिसका सपना हर एक्टर देखता है। उन्होंने टीकू वेड्स शेरु में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, बेबी जॉन में वरुण धवन सलमान खान, क्रिमिनल जस्टिस ए फैमिली मैटर में जैकी श्रॉफ संग स्क्रीन शेयर की। मूवी 36 डेज, टीवी शो परिणीति व अपकमिंग फिल्म मौन भी उनके खाते में है। 88 प्रतिशत अंक लाने के बाद खुशी ने फोन पर शाह टाइम्स को बताया कि एक्टिंग मेरा पैशन है मगर पढ़ाई मेरी ताकत। शूटिंग के बीच भी मैं रोज स्टडी के लिए वक्त निकालती थी। मैं चाहती हूं कि युवा अपने सपने पूरे करे। किताबों से नाता कभी न तोड़े। संस्था ब्लाइंड बट ब्राइट ने भी कहा कि खुशी ने साबित कर दिया कि मेहनत लगन से ड्रीम्स व एजुकेशन को भी एक साथ बैलेंस कर सकते हैं। फिल्मी पर्दे पर चमकने वाली खुशी अब बोर्ड रिजल्ट में भी चमककर सब स्टूडेंट्स के लिए एक मिसाल बन गई हैं। एक्ट्रेस खुशी का बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के रायपुर अटेरना गांव से भी नाता है। वे यहां पत्रकार नसीम कुरेशी के बुलावे पर एक भव्य कार्यक्रम में आ चुकी हैं जिसमें बीएमए के सुप्रीमो डाक्टर राजीव आहूजा भी शामिल हुए थे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में ब्लॉक स्तरीय मेधावी छात्र छात्राओं व कॉलिज के प्रधानाचार्य के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्वीट साइलेंट धाम द्वारा किया गया जिसमे जनप्रतिनिधियों, समाजसे. वियों, पूर्व सैनिकों, शिक्षाविदों ने भाग लिया।



शुकतीर्थ में मोरना मार्ग स्थित स्वामी कल्याण देव एसडी इन्टरकॉलिज में आयोजित कार्यक्रम में यूपी बोर्ड,सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मुकुट व माला पहनाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं के विकास की जरूरत है। प्रसिद्ध समाजसेवी सत्य प्रकाश रेशु ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बी के प्रवेश दीदी ने अध्यात्म के टिप्स बच्चों को सिखाये।।इस दौरान पर मुख्य रूप से बीके जगपाल, बीके वेदपाल, बीके विकास,बीके प्रवीण, बी के मीनू बहन, बीके प्रियांशी दीदी, बीके यश,कृष,बीके श्रवण कुमार, राम कुमार शर्मा,अमित कुमार पँवार, संजीव कुमार,बीके डॉ.अनुज कुमार, अमित कुमार,दीपक ठाकुर,कैप्टन सुधीश सिंह,फूल चन्द्र, रेणु, देवपाल राठी ,चंद्रपाल सिंह राठी, सूबेदार मनोज राठी,सूबेदार अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# होली चाइल्ड में आयोजित हुआ बच्चों के मन की बात कार्यक्रम



**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज में विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए हबच्चों के मन की बातह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पेरेन्टिंग कोच डॉ0 अनिल योगी, रितु कश्यप, श्रीपाल तोमर, राजकुमार, विद्यार्थियों एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को खुलकर अपने विचार, भावनाएँ और मन के सवाल साझा करने का अवसर मिला।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने बताया कि आज के समय में बच्चों के अंदर कई प्रकार के मानसिक दबाव, करियर, भ्रम, भावानात्मक तनाव था, संवादहीनता जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। ऐसे में इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।इस अवसर पर परवरिश की पाठशाला से आए विशेषज्ञों डॉ0 अनिल योगी विशेषज्ञों एवं रितु कश्यप एवं रितु कश्यप ने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद किया। उन्होंने बच्चों के मन में छिपे सवालों के सहज, वैज्ञानिक एवं भावनात्मक तरीके से उत्तर दिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने तनाव, क्रोधी, आत्मविश्वास, मित्रता, मोबाइल से ध्यान भटकना, करियर का दबाव, तथा अभिभावक के साथ वार्तालाप जैसी विषयों पर खुलकर चर्चा की।विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि भावनाओं को समझना, अपनी अनुभूति को व्यक्त करना और सही समय पर मार्गदर्शन लेना मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को आत्मजागरूकता, भावात्मक संतुलन और सकारात्मक विचार के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे बेहद उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कई छात्रों ने कहा कि उन्हें पहली बार ऐसा मंच मिला जहाँ वे बिना डर और हिचकिचाहट के अपनी बात रख सके।विद्यालय परिवार ने हपरवरिश की पाठशालाह टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

# निर्माण सामग्री कारोबारी ने लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली-मीरापुर रोड स्थित एक निर्माण सामग्री कारोबारी ने लाखों रुपये का सामान हड़पने, भुगतान न करने और विरोध करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। कार्रवाई न होने से आहत पीड़ित ने न्यायालय की शरण लेते हुए पुलिस प्रशासन से इंसाफ की मांग की है।

जानसठ तहसील क्षेत्र के ग्राम मनफोड़ा निवासी समरपाल पुत्र विक्रम सिंह का निर्माण सामग्री किराये पर देने का कारोबार है। वह बल्ली, चाली, सीढ़ी और गाटर आदि सामान ठेकेदारों और निर्माण कार्य कराने वालों को उपलब्ध कराते हैं। समरपाल का आरोप है कि सुशील कुमार नामक व्यक्ति ने फरवरी और मई 2025 के दौरान उनसे बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री किराये पर ली थी, लेकिन तय समय गुजरने के बावजूद न तो सामान वापस किया गया और न ही किराया चुकाया गया। पीड़ित के अनुसार, आरोपित के कहने पर उन्होंने मिस्त्री अरविंद को भी 1 लाख 40 हजार रुपये दिलवाए थे, जिसकी रकम भी अब तक वापस नहीं मिली। कई बार मांग करने और कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद जब समाधान नहीं हुआ तो मामला और अधिक विवादित हो गया। समरपाल का आरोप है कि 25 जुलाई 2025 को आरोपित पक्ष उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उन्हें तथा उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके छोटे पोते-पोतियों के अपहरण और जान से मारने तक की धमकी दी गई, जिससे परिवार भय और दहशत में है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। गुरुवार को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद और हंगामे की स्थिति बन गई, जिसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल कर दोनों पक्षों से जानकारी ली और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे एसएसपी और डीआईजी दरबार में पहुंचकर गुहार लगाएंगे।

# कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं में हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी मुजफ्फरनगर का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम आज दिनांक 13 मई 2026 को घोषित हुआ स विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा सजिसमें वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान मनप्रीत कौर 94.4:, जानवी द्वितीय स्थान 89:, अर्पण 79.2: ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स विज्ञान वर्ग में रिया 84.8: प्रथम स्थान, कार्तिक चौधरी 79: द्वितीय स्थान व सादिया 78: ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर विपिन कुमार सिंह प्रधानाचार्य विकास कुमार शर्मा अधिशासी समन्वयक प्रवीण




कुमार पुंडीर एवं उप प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया स इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल क्षेत्र के अग्रणी विद्यालयों में से एक है विद्यालय का कक्षा 12 एवं कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा स हमारा यही प्रयास है की छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हो और अपना अपने परिवार ,विद्यालय एवम् क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करें। यह अनुशासन एवं सतत प्रयास से ही यह संभव हो सकता है स इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

## झांसा देकर किशोरी को भगाने का आरोप

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने अपनी 19 वर्षीया पुत्री को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना कोतवाली में एक युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता का कहना है कि आरा. ेपी युवक उनकी पुत्री को जबरन शादी करने के उद्देश्य से बहला फुसलाकर ले गया है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार उक्त गांव निवासी पीड़ित की पुत्री बीती 02 मई को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। तब परिजनों ने 03 मई को कोतवाली बुढ़ाना में पहुंचकर गायब हुई अपनी पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। काफी तलाश के बाद अब परिजनों को पता चला है कि उनकी पुत्री को समीपवर्ती गांव इटावा का ऋषभ पुत्र रविंद्र अपने साथ लेकर चला गया है। पीड़ित पिता ने बुढाना पुलिस को दी गयी तहरीर में आशंका जताई है कि आरोपी युवक ऋषभ उनकी पुत्री से जबरन शादी करना चाहता है। उनकी पुत्री कक्षा 12 तक ही पढ़ी है और अभी तक उसका कोई भी पता नहीं चल सका है। परिवार बेहद परेशान है।

# दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीसी नितिन

**मुजफ्फरनगर।** नवीन मंडी स्थल पर कुछ दिन पूर्व हुए अग्निकांड में ध्वस्त हुई दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे गुड़ खाण्डसारी के अध्यक्ष संजय मित्तल के साथ सहारनपुर से आए ऋषि उत्पादन मंडी समिति के डीडीसी नितिन शर्मा, मंडी समिति सचिव वीरेंद्र सिंह चंदेल, जेई मोहन शर्मा, जेई रूप सिंह, राहुल कुमार, गुड़ खाण्डसारी के अध्यक्ष संजय मित्तल ने मंडी समिति के डीडीसी के समक्ष बात रखते हुए कहा कि अग्निकांड में हुए व्यापारी की ध्वस्त हुई दुकान का जल्द से जल्द पुणरूनिर्माण कराया जाए तथा जिन दुकानों में दरारें आई हैं उनको भी तुरंत ठीक कराया जाए डीसी मंडी ने तभी दुकानों में हुए नुकसान का निरीक्षण किया उन्होंने डीसी निर्माण से नाराजगी व्यक्त करते



हुए कहा कि पिछले 5 वर्षो से हमारी मांग है अनाज मंडी के कुछ दुकानों के सामने के फड जो ऊंचे होने से रह गए थे आज तक ऊंचे नहीं हो पाए हैं उनमें पानी भर जाने के कारण व्यापारी बा मुश्किल अपनी दुकानों पर पहुंच पाते हैं उन्होंने चेतावनी भी दी कि जब हम पूरा मंडी शुल्क इकट्ठा करके दे रहे हैं सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि 60: मंडी व्यापारियों की सुख सुविधाओं पर खर्च होना चाहिए मगर होता 20: भी नहीं है अगर यह स्थिति रही तो व्यापारीयो को मंडी शुल्क रोककर धरने पर बैठना पड़ेगा डीडीसी निर्माण ने कहा की फडो का प्रस्ताव लखनऊ जा चुका है जल्द ही बजट पास हो जाएगा और जिन दुकानों पर आग लगी है जल्दी इनका भी निर्माण कर दिया जाएगा।

## सीबीएसई में समरीन व वंशिका, सोरम, आयुषी मंसूरपुर ने मारी बाजी





**मुजफ्फरनगर।** घोषित सीबीएसई परीक्षा में राखी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग समरीन, तावली ने 94.60 प्रतिशत अंक ले कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही वंशिका, सोरम ने 93.80 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व आयुषी, मंसूरपुर ने 89.40 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य व प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व अध्यापकों की मेहनत को सराहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने पालिका, पंचायत व ब्लॉक का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी आलोक यादव ने बुधवार को नगर पालिका परिषद कांधला, कार्यालय खंड विकास अधिकारी कांधला तथा नगर पंचायत एलम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नगर पालिका परिषद कांधला के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, नालों की सफाई रोस्टर, फॉगिंग मशीन, एंटी लार्वा मशीन एवं वाहनों के मूवमेंट रजिस्टर आदि अभिलेखों का निरीक्षण किया। एंटी लार्वा स्टॉक रजिस्टर के संबंध में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संबंधित बाबू को अभिलेखों के उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए। वहीं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक शैशिल मलिक द्वारा भी स्पष्ट जवाब न दिए जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया। जलकल विभाग का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वाटर कूलर, टड्‌बवेल, हाउस टैक्स एवं पानी के टैंकरों की जानकारी प्राप्त की तथा सभी वाटर कूलर चालू होने की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लेखा विभाग में लंबित ऑडिट आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा गत वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत पार्क, खेल मैदान, चौराहों के सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग एवं आईजीआरएस शिकायतों की गुणवत्ता की भी समीक्षा की। उन्होंने नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने, जलभराव रोकने एवं नागरिक सुविधाओं हेतु सिटीजन चार्टर लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सहित सभासद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिला. धिकारी ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय कांधला का निरीक्षण किया।।

यहां उन्होंने लेखाकार कक्ष, मनरेगा, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, जनता के बैठने की व्यवस्था तथा महिला एवं पुरुष शौचालयों की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान राजकीय कृषि रक्षा इकाई कार्यालय के बाहर जलभराव पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संबंधित एडीओ को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर खंड विकास अधिक. ारी वेद प्रकाश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत एलम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कर विभाग में हाउस टैक्स व्यवस्था को ऑनलाइन माध्यम से सुगम बनाने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की गई। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रीना पंवार, अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोर्ट से लौट रही महिला व उसके परिजनों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कांधला क्षेत्र के गांव भारसी निवासी प्रियंका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने पति सन्नी निवासी गांव सिसाना, जनपद बागपत के खिलाफ परिवार न्यायालय में भरण-पोषण का मुक. दमा दायर किया हुआ है। बुधवार को मामले की सुनवाई के बाद अगली तारीख 22 मई तय हुई थी। आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे वह अपने माता-पिता कुसुम और देवेंद्र के साथ न्यायालय परिसर से बाहर निकल रही थी। तभी उसका पति सन्नी और देवर सूरज वहां पहुंच गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट करते हुए धारदार चाकू से हमला कर दिया। पीड़िता के अनुसार हमले में उसकी मां कुसुम घायल हो गईं। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। इसी बीच पुलिस के पहुंचने की सूचना पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आंधी-तूफान व बारिश ठेकेदारों की बढ़ाई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जिले में बागवानी करने वाले किसानों और ठेकेदारों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवाओं के कारण आम, लीची और नासपाती के बागों में भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर पेड़ों से कच्चे और तैयार फल टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे बाग मालिकों और व्यापारियों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं बागवानी करने वालों की मेहनत पर पानी फिर गया। तेज आंधी के चलते आम के पेड़ों से बड़ी संख्या में फल टूटकर गिर पड़े। व्यापारियों ईनाम, खालिद, सुलेमान, मुकेश का कहना है कि करीब 25 फीसदी तक आम की फसल प्रभावित हुई है, जिससे बाजार में आपूर्ति और कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। लीची और नासपाती के बागों में भी नुकसान हुआ है। कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूट गईं और फलों को क्षति पहुंची। बागों के ठेकेदारों का कहना है कि इस बार पहले ही मौसम की मार झेलनी पड़ रही थी और अब तेज आंधी ने स्थिति और खराब कर दी है। कुछ ठेकेदारों ने लाखों रुपये के नुकसान का दावा किया है। फल व्यापारियों मोबीन शाह, नौशाद, मुस्तकीम के अनुसार इस समय आम की फसल तैयार होने की स्थिति में थी और बाजार में इसकी मांग भी बढ़ रही थी।

## आंधी के बाद हाईवों पर टूटकर गिरे पेड़

**शामली।** देर रात आई तेज आंधी और बारिश के बाद सडकों और हाईवों पर विद्युत पोल, पेड टूटकर गिरने से यातायात प्रभावित रहा। कई स्थानों पर लोगों के छप्पर, टीन शेड उड गए। शहर के सहारनपुर-करनाल हाईवे पर दर्जनों पेड टूटकर गिरे। इसके अलावा कलक्ट्रेट मार्ग, मुजफ्फरनगर रोड, दिल्ली रोड, पानीपत रोड पर भी भारी मात्रा में पेड टूटकर गिरने से हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

## व्यापारियों ने खाद्य निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवादाता**

**शामली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आहवान पर गुरूवार को शामली में व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आ रही व्यापारिक कठिनाइयों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संयुक्त महामंत्री गौरव रुहेला, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा नमन गोयल एवं नगर अध्यक्ष किशन गर्ग के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारी तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने खाद्य निरीक्षक केपी सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सैंपलिंग, जांच रिपोर्ट और कार्रवाई प्रक्रिया में आ रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों ने मांग की कि सैंपल भरते समय निर्माता को भी फॉर्म 5-ए पंजीकृत डाक से भेजा जाए। नकली व डुप्लीकेट सामान के मामलों में बिल प्रस्तुत होने पर ही निर्माता को पार्टी बनाया जाए। साथ ही नमूनों की जांच रिपोर्ट 14 दिन के भीतर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व न मिलने पर नमूनों को असुरक्षित घोषित करने के बजाय अधोमानक माना जाए। ज्ञापन में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के मानक तय करने और सर्वे सैंपलों की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की गई।

# दि न्यू हाईट्स एकेडमी का रहा शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में दि न्यू हाईट्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न मनाया।





विद्यालय की छात्रा आस्था सैनी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सानिया मिर्जा ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अक्षरा शर्मा ने 76 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि वजीहा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया जा रहा है। विद्यालय के चेयरमैन इमरान सिद्दीकी ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है। विद्यार्थियों ने अपनी लगन से यह साबित कर दिया कि लक्ष्य पाने के लिए निरंतर प्रयास बेहद जरूरी हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि उनके आत्मक्विवास, संघर्ष और निरंतर मेहनत की जीत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेंट आरसी कैराना में इंशा ने किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल का सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया।छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। विद्यालय की विज्ञान वर्ग की छात्रा इंशा ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान वर्ग में अनंत गोयल ने 88.6 प्रतिशत, जहांवी चौहान ने 88.2 प्रतिशत, सारा ने 85.4 प्रतिशत, आराध्या चौहान ने 84.6 प्रतिशत तथा सलोनी अग्रवाल ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में नैना वर्मा ने 88.4 प्रतिशत, बिस्मा ने 87.2 प्रतिशत, वर्णी शर्मा ने 86.6 प्रतिशत तथा अरमान ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और विद्यालय के अनुशासित वातावरण को दिया। विद्यालय निदेशक यशपाल पवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य यशस्वी पवार ने कहा कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर पवन वशिष्ठ, इमरान अली, अमित वर्मा, प्रमोद कुमार, लोकेंद्र तोमर, प्रशांत शर्मा, शुभम कर्णवाल, विवेक चौहान, अंकित चौहान, संध्या शर्मा, कल्पना तोमर और मीनाक्षी चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।




# खुले में पड़ा सरकारी अनाज बारिश में भीगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव केरटू स्थित सहकारी समिति परिसर में खुले में रखा सरकारी अनाज लगातार बारिश के कारण भीग रहा है, जिससे उसके खराब होने की आशंका गहरा गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से अनाज खुले में पड़ा हुआ है, लेकिन संबंधित विभाग और अधिकारियों की ओर से उसके सुरक्षित भंडारण के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जा रही है। लगातार बारिश के चलते अनाज में नमी और सड़न आने लगी है, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार सरकारी अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए सहकारी समितियों में गोदाम बनाए जाते हैं और आवश्यकता पड़ने पर टीन शेड तथा तिरपाल जैसी व्यवस्थाएं भी की जाती हैं। इसके बावजूद केरटू सहकारी समिति में करीब एक माह से बड़ी मात्रा में सरकारी अनाज खुले में रखा हुआ है। बीते दिनों हुई बारिश में भी अनाज काफी भीग गया था और अब दोबारा बारिश होने से स्थिति और अधिक खराब हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अनाज को सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचाया गया तो वह पूरी तरह खराब हो सकता है। सहकारी समिति प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि अनाज को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन समिति परिसर गली से नीचे होने के कारण बारिश का पानी परिसर में भर जाता है और अनाज तक पहुंच जाता है। उन्होंने बताया कि सरकारी गोदाम तक अनाज पहुंचाने वाली गाड़ियां समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे उठान कार्य प्रभावित हो रहा है और अनाज लंबे समय तक खुले में पड़ा रह जाता है। ग्रामीणों में इस मामले को लेकर भारी नारा. जगी देखने को मिल रही है। किसान रामपाल, लक्ष्मी शर्मा, अंकित शर्मा, सोहन, मुस्लिम और अनवर का कहना है कि यदि यही अनाज किसानों का होता तो नमी का हवाला देकर समिति कर्मचारी उसे खरीदने से मना कर देते, लेकिन सरकारी अनाज खुले में पड़ा खराब हो रहा है और अधिक. ारी चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछली बारिश में भी काफी अनाज खराब हुआ था, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया गया।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अनाज के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की जांच कर कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी अनाज को खराब होने से बचाया जा सके।

## भाविप ने लगाया संस्कार शिविर

शामली। भारत विकास परिषद मानव शाखा द्वारा महर्षि दयानंद बाल विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय संस्कार शिविर का गुरूवार को समापन किया गया। गत 12 से 14 मई तक चले इस संस्कार शिविर का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष अशोक कोरियर, स्कूल की संरक्षिका मीरा वर्मा एवं कार्यक्रम संयोजिका वीना अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर के दौरान बच्चों को महापुरुषों की जीवनी, देशभक्ति गीत, कविता, कहानी तथा योग की मूलभूत जानकारी दी गई। समापन अवसर पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविताएं एवं प्रेरणादायक कहानियां प्रस्तुत कीं।

# भास्कर में मुस्कान ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा बुधवार को घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्य क्त किया। विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा इरम ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा अक्सा ने 82.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एमएन कुरैशी एडवोकेट एवं डायरेक्टर एमएफ कुरैशी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नौशाद अली ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सुखद परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है और आने वाले समय में भी छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का तांता लगा रहा। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता रहेगा।







## तेज हवाओं और बारिश से ठप रही बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बुधवार देर शाम बरसात के साथ आई तेज हवाओं ने चौसाना क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गए। जबकि कुछ जगह बिजली के पोल टेढ़े होकर दीवारों से जा लगे। इंसुलेटर शॉर्ट होने और लाइनों में फाल्ट आने से चौसाना बिजलीघर से जुड़ी करीब एक लाख की आबादी की बिजली बुधवार रात आठ बजे से गुल हो गई। पूरी रात लोग अंधेरे में परेशान रहे और गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सप्लाई बहाल हो सकी। तेज हवाओं के दौरान कई गांवों में बिजली लाइनों पर पेड़ गिरने से तार आपस में टकरा गए। कुछ स्थानों पर पोल झुक जाने से हादसे का खतरा भी बना रहा। बिजली गुल होते ही ग्रामीणों को पेयजल संकट और गर्मी का सामना करना पड़ा। रातभर घरों में अंधेरा छाया रहा, वहीं मोबाइल फोन तक बंद हो गए। विभागीय कर्मचारियों ने पूरी रात अलग-अलग स्थानों पर फाल्ट तलाशने का काम किया। लाइनमैन बारिश और अंधेरे के बीच लाइनों की जांच करते रहे, लेकिन रात में फाल्ट नहीं मिल सका। गुरुवार सुबह टीम को इंसुलेटर शॉर्ट और लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली, जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। करीब 15 घंटे बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हो पाई। ग्रामीणों का कहना है कि तेज हवाओं के दौरान अक्सर बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है। जर्जर लाइनों और पेड़ों की छंटाई समय पर न होने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। लोगों ने विभाग से समय रहते लाइनों की मरम्मत और पेड़ों की कटाई कराने की मांग की है। अवर अभियंता आजम अकबर ने बताया कि तेज हवा और बारिश के कारण कई जगह लाइन पर पेड़ गिर गए थे तथा इंसुलेटर शॉर्ट हो गया था। लाइनमैनों ने पूरी रात फाल्ट तलाशने का कार्य किया, जिसके बाद गुरुवार सुबह सप्लाई सुचारु करा दी गई।

# किक बॉक्सिंग में हर्ष सैनी ने जीता गोल्ड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में जनपद शामली के खिलाड़ी हर्ष सैनी पुत्र अजय सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 74 किलोग्राम फाइट वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

प्रदेश स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहां कड़े मुकाबलों के बीच हर्ष सैनी ने अपने बेहतरीन खेल और आत्मवि श्वास के दम पर सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाकर जिले का नाम रोशन किया। हर्ष की इस सफलता पर उनके परिवारजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

कोच और प्रशिक्षकों ने बताया कि हर्ष लंबे समय से लगातार अभ्यास कर रहे थे और उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। हर्ष सैनी ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और समर्थकों को दिया। उनकी इस उपलब्धि से जिले के अन्य खिलाड़ियों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अवेंजर्स के कार्तिक ने झटका गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अवेंजर्स फाइट क्लब के खिलाड़ी कार्तिक चौधरी ने मेरठ में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश स्टेट किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। कार्तिक की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। क्लब कोच शिवांक भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 13 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के लो किक इवेंट में कार्तिक चौधरी ने अपने भार वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। फाइनल मुकाबले में कार्तिक ने दमदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कार्तिक की जीत के बाद क्लब के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए उसे बधाई दी। इस अवसर पर ऋषभ कांत शर्मा ने कार्तिक चौधरी को आगामी नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी वह जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।




**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# स्व गणना को राष्ट्रीय दायित्व समझें: श्रुति



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम की टीम ने जनगणना-2027 के तहत आज शहर के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को स्व-गणना करायी तथा छात्र-छात्राओं को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वे अपने अभिभावकों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें।

नगर निगम की टीम आज कर निर्धारण अधिकारी व जोन-2 की चार्ज अधिकारी श्रुति माहेश्वरी के नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों में पहुंची और स्कूलों के शिक्षकों व अन्य स्टाफ को स्व-गणना कराने के अतिरिक्त स्कूली बच्चों को भी संबोधित किया। चार्ज अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने जनगणना कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए स्व-गणना के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे घर जाकर न केवल अपने अभिभावकों बल्कि आसपास रहने वाले लोगों को भी स्व-गणना करने के लिए प्रेरित करें।

श्रुति महेश्वरी ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। समाज का हर व्यक्ति इसके दूरगामी परिणामों से प्रभावित होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इसे गंभीरता से लें और अपना राष्ट्रीय दायित्व समझते हुए इसमें भागेदारी करें। आज निगम की टीम द्वारा सेंट मेरी स्कूल, इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज व जेबीएस इण्टर कॉलेज सहित अनेक स्कूलों में स्व-गणना करायी गयी। इस दौरान निगम की टीम में कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के अलावा राघव, मनोज, संजीव, जुनैद, ताबिश आदि शामिल रहे।

## अश्लील फब्तियां कसने वाले दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना एंटी रोमियो टीम ने बाजार में आने जाने वाले युवतियों को अश्लील फब्तियां कसने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया।

चैकिंग की कार्यवाही हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत एन्टी रोमियो टीम ने नगर भृमण के दौरान मेंन बाजार बस अड्डा के निकट आने जाने वाली युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले दो आरोपीयों अहमद पुत्र खलील निवासी ग्राम सलीरी थाना चिल. काना व शाकिब पुत्र यामीन निवासी ग्राम सालीरी थाना चिल. काना को मौके से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सिमरन सिंह आईपीएस ने बताया कि दोनो आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# पैदल चलकर ऑफिस पहुंचे जिला पंचायत चेयरमैन मांगेराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उर्जा संरक्षण का आह्वान किये जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी व्यक्तिगत स्तर पर चार पहिया वाहन का त्याग कर गुरुवार को पैदल चलकर अपने आवास अहमदबाग से जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और उर्जा बचाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होने जिला पंचायत कार्यालय पंहुच कर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि रोजाना के कार्यों मे कम से कम ईधन चालित वाहनों का अगर हम उपयोग शुरू कर दे तो इससे भारी बचत होगी और पर्यावरण का संरक्षण होगा साथ ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आहवान को बल मिलेगा। हमारे द्वारा किए गये छोटे से बदलाव से बड़े परिणाम सामने आयेगे जो राष्ट्र हित मे एक बडा योगदान होगा।

इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र चौधरी, ईशांत चौधरी रहे।

# कर्तव्य बोध कराता है श्रीराम का जीवन: संजय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** गांव कम्बोहमजरा के श्री हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में बृहस्पतिवार को कथा के यजमान बिजेन्द्र सिंह व बबली देवी ने पूजन करा कथा का शुभारम्भ कराया।

कथा व्यास पंडित संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि प्रेम हमें करुणा, सेवा, समर्पण त्याग व कर्त्तव्य परायणता की शिक्षा देता है प्रभू श्रीराम का जीवन हमें माता पिता व सौतेली मां के प्रति पुत्र का, भाई के प्रति भाई का, समाज और देश के प्रति राजा के कर्तव्य का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जी ने स्वयं समस्त सुखों को प्रसन्नचित्त से त्याग कर सिखाया मनुष्य के उपर कितनी भी भारी विपत्ती क्यों न आए परंतु अपने कुल धर्म और कर्तव्य से कभी भी विमुख नही होना चाहिए क्योंकि दु:ख में ही मनुष्य की असली परीक्षा होती है। सच्चे मित्र, भाई, रिश्तेदार की असली पहचान विपत्ति के समय में ही होती है। इस अवसर पर महन्त संतोषदास, कुशलपाल राणा, प्रेमचंद कश्यप, प्रवीन कुमार, बूटाराम, रवि कुमार, नरेन्द्र काम्बोज, मित्राक्ष, शशी, डोली, अनुज, रश्मि, पंक. ेश, सुधा, बाला मौजूद रहे।

## संघर्ष के तीन और आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना देवबंद पुलिस ने ग्राम लालवाला में भूमि विवादा को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह व उपनि. रीक्षक रौविल्स कुमार के नेतृत्व में तीन और वांछित आरोपियों आशीष पुत्र सतेंद्र कुमार, सागर पुत्र कालू व सूरज पुत्र शेरसिंह निवासीगण ग्राम लालवाला थाना देवबंद को मंडी गेट से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# प्रारम्भिक शिक्षा भविष्य की मजबूत नींव: अफसाना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन, छोटे बच्चों की प्रतिभा का किया गया आकलन भी किया गया।

बुधवार को विकास खंड साढ़ौली कदीम के गांव घघरोली में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूल रेडिनेस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आई.सी.डी.एस. विभाग एवं मिशन सुनहरा कल आई.टी.सी. के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिस में 3 वर्ष से 6 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों की शैक्षणिक मानसिक और व्यावहारिक क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया। मेले में बच्चों की भाषा पहचान,रंगों की समझ, बोलने की क्षमता और अन्य गतिविधियों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास का आकलन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए सीडीपीओ अफसाना बेगम ने कहा कि शुरुआती शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है एवं ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभाग द्वारा समय समय ऐसे कार्यक्रम संचालित होते रहते है।मेले में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कय्यूम पोसवाल, आ.वा. अमरेश रानी, राममूर्ति सैनी, पुष्पा सैनी, रीता सैनी, सुमन सैनी, बीना देवी, पूनम रानी, सुनीता देवी, नीरज देवी, संजय देवी, निर्मला देवी, रूमादेवी, राखी देवी, सविता देवी एवं अंजली देवी , आदि महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद रही।

# रेडनेस मेले का आयोजन



**चिलकाना।** ग्राम बरथाकायस्थ पठेड में रेडनेस मेले का आयोजन किया गया। पंचायत घर बरथाकायस्थ पठेड में में आयोजित रेडिनेस मेले के आयोजन में कॉर्डिनेटर ऋतु ने बताया कि तीन वर्ष से छः वर्ष के बच्चों के लिए मेले का आयोजन किया गया है। मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरीक, मानसिक व बौद्धिक विकास, भाषाई, खेल कूद आदि गतिविधियों को परखना है। वही संगीत, पूनम, बिंदु आंगनबाड़ी द्वारा छोटे बच्चों की लंबाई व वजन कर उनके खान पान के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ विमल शर्मा, नाथीराम, आंगनबाड़ी संगीता, ममता, मंजू, सविता, शिवकुमार अग्रवाल, शिवनंदन शर्मा, अंशिका अग्रवाल, जैनब, भूरी, सायरा, बानो आदि उपस्थित रहे।

# सैनी समाज की बैठक में एकता पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव चौरी मंडी में राष्ट्रीय सैनी सभा के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा एवं जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रधान अनुज सैनी ने कहा कि एक मजबूत, शिक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों और सम्मान के लिए आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया।

इस दौरान न्याय पंचायत दुमझेडा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नितिन सैनी को चुना गया। कार्यकारिणी में संजय सैनी को महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुश सैनी, उपाध्यक्ष सुभाष सैनी, सूरज सैनी, भानू सैनी, धर्मसिंह सैनी, ममता सैनी, संगठन मंत्री सुरेश सैनी, सचिव राजेंद्र सैनी, प्रमोद सैनी, जनेश्वर सैनी, नरेश सैनी, अवनीश सैनी, अंकित सैनी, जोगेंद्र सैनी, डॉ. महावीर सैनी को कोषाध्यक्ष नियुक्ति किया गया है।

बैठक में समाज की एकता, शिक्षा और युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। उपस्थित लोगों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

# रोटरी क्लब ने निर्धन बच्चों को वितरित किए बैग



**गंगोह।** श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रोटरी क्लब द्वारा निर्धन बच्चों को बैग वितरित किए गए। दीप प्रज्ज्वलन व वंदना उपरान्त रोटरी अध्यक्ष विकास सिंघल, विनीत अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र सिंह, राकेश सिंघल, अमित सिंघल, अमित गर्ग, अनिल बंसल व दिनेश मित्तल ने बैग वितरित किए। प्रबंध समिति के प्रबंधक मेंघ गोपाल गोयल, उपप्रबन्धक रमेश गर्ग, राकेश तायल, डॉ. राकेश गर्ग ने रोटरी क्लब को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपील की। संचालन प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने किया।

# हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई द्वारा संगठन का 28वां स्थापना दिवस केक काटकर व मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बृहस्पतिवार को संगठन के स्थापना दिवस अवसर पर सभी ने व्यापारिक हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष योगी अमित नाथ ने सभी व्यापारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि संगठन पिछले 28 वर्षों से व्यापारियों के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है, भविष्य में भी इसी सेवा भाव के साथ कार्य जारी रहेगा।

इस अवसर पर संरक्षक अशोक छाबड़ा, अनुपम जैन, डॉ कुलदीप चौधरी, महामंत्री सचिन गर्ग, कोषाध्यक्ष राकेश ऐरन, उपाध्यक्ष यशपाल रोहिला, रमेश कश्यप, राजेंद्र भटनागर, हिमाँशु रोहिला, अमित छाबड़ा आदि पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दो शातिर चोर दबोचे

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी किया गया रेहड़ा बरामद कर लिया।

बुधवार को वादी मौ. अजमल पुत्र उमर निवासी मुर्सलीन ताज कालोनी निकट बागे जन्नत मस्जिद थाना मंडी ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसके घर से रेहड़ा चोरी कर लिया है। पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी व उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान दो शातिर चोरों तौसीफ पुत्र मुस्तकीम व सूफियान पुत्र दिलशाद निवास. ीगण अहमदनगर थाना मंडी को राज कालोनी गेट के पास से दबोच लिया।

# शोभित के नए नवनियुक्त कुलपति ने संभाला पदभार



**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुल. पति प्रो. बी.एस.सिद्धू ने पदग्रहण कर लिया है।

बतौर मुख्य अतिथि कुलाधिपति कुँवर शेखर विजेंद्र,ध प्रो. विनोद त्यागी, प्रो. रणजीत सिंह पूर्ववर्ती कुलपति, केयरटेकर सूफी जहीर अख्तर डॉ.पंकज राणा, प्रो. महिपाल सिंह कुलसर्. चव मोजूद रहे। कुलाधिपति की औपचारिक घोषणा के उपरान्त महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सेवाएं दे चुके नवनियुक्त कुलपति को कुलाधिपति ने बधाई दी। नवनियुक्त कुलपति ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कपूरथला के संस्थापक निदेशक रहे सिद्धु ने 32 वर्षों में 200 से अधिक शोध पत्र व पुस्तकें लिखी है। वे जीईडीसी यूएसए एवं टीएसएस थर्मल स्प्रे एडवाइजरी काउंसिल यूएसए के नामित सदस्य भी रहे है।

**सूचना**

मेरा लडका मौ. खुर्रम पुत्र मौ. वासिक नि. 13/102 निकट जैन मन्दिर मौहल्ला संगयान थाना मण्डी जिला सहारनपुर, बुरी संगत में पड गया है। मेरा व मेरे लडके अहमद फराज का मौ. खुर्रम व उसकी पत्नी अरशी पुत्री मुजफ्फर अली नि. 40 फुटा रोड हारून की कोठी से आगे जिला मुजफ्फरनगर के किसी कृत्य से कोई लेना देना मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही है। मैं व मेरा लडका अहमद फराज उसके किसी कृत्य के जिम्मेदार नही होंगे।

**कैसर जहाँ पत्नि मौ. वासिक नि. 13/102 निकट जैन मन्दिर मौहल्ला संगयान, जिला सहारनपुर।**

# सीबीएसई कक्षा 12 के मेधावी बच्चे अपने अपने स्कूलों में किए गए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में मेधावी बच्चों को स्कूलों में सम्मानित किया गया।

एस.आर. पब्लिक स्कूल, गागलहेड़ी में बुलबुल त्यागी ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 89 प्रतिशत अंक के साथ आस्था यादव व अनुष्का यादव दूसरे, 86.2 के साथ मनस्वी त्यागी तीसरे, 86 प्रतिशत के साथ अंश यादव चौथे और 83 प्रतिशत अंक लेकर वंश परमार पांचवे स्थान पर रहा। विद्यालय मैनेजर ललित कुमार शर्मा, अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य हरीश शर्मा ने मिठाई खिलाकर सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**रामपुर मनिहारान।** सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 की परीक्षा में बिल क्लिंटन स्कूल के छात्र छात्राओं ने कामयाबी का परचम लहराया है।शानदार परीक्षा परिणाम से स्कूल में खुशी का माहौल है।

सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 की परीक्षा में बिल क्लिंटन स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार रिजल्ट लेकर उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।आराध्या शर्मा ने 93.4% प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा से अपना व विद्यालय का नाम गौरवांवित किया है।साक्षी वर्मा ने 91.4% व



खुशी वर्मा ने 82.2%अंक प्राप्त कर अपना व संस्था का नाम रोशन किया है।

छात्र छात्राओं की इस सफलता पर संस्था के संस्थापक विनोद गुप्ता, चेयरमैन आशुतोष दयाल शर्मा, पूर्व चेयरमैन बीके गोस्वामी, बोर्ड सदस्यों पीके अग्रवाल, विनोद शोबिती, आरपी अग्रवाल, डीके गुप्ता, तनया शर्मा व राज जोशी ने बधाई संदेश प्रेषित किया है।रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।राजकमल सक्सेना



ने कहा कि यह छात्र छात्राओं और संस्था के स्टाफ की कड़ी मेहनत का परिणाम है।बिल क्लिंटन स्कूल की प्रधानाचार्या वीनू शर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता का आधार है।

**गंगोह।** सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल की छात्रा ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया।

स्कूल की छात्रा पारिशा गर्ग ने कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान हासिल किया है। छात्रा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से न केवल अपने परिवार







बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का वातावरण है। इसके अलावा आतिफ तारिक, लक्ष्मी, तनमय नामदेव, उपलक्ष मित्तल, देवांगी मित्तल, तेजस्वी सैनी, गौरी एरॉन, अव्युक्त मित्तल, प्रज्ञात, वासवी गर्ग एवं निदा मलिक ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पारिशा व अन्य विद्यार्थियों की सफलता सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। समिति अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने कहा कि सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विद्यार्थियों का यह परिणाम विद्यालय की शैक्षिक उत्कृष्टता को दर्शाता है।

# डीएम एसएसपी का सड़कों पर पैदल मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने बृहस्पतिवार को भारी पुलिस बल के साथ शहर के संवे. दनशील क्षेत्रों में संयुक्त फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त की।



फ्लैग मार्च के दौरान थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, व्यस्त चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आमजन से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को यातायात संचालन को और अधिक सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में भी राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में लगातार फ्लैग मार्च एवं सघन गश्त अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करना, असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ संपन्न कराना है। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा अपुष्ट सूचना एवं अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर तथ्यहीन सामग्री प्रसारित करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील भी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने कहा कि जनपद पुलिस शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दुर्व्यवहार पर दरोगा लाइन हाजिर

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली में कल भाजपा नेताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना के मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए दरोगा मानसिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, कल नगर कोतवाली में किसी मामले को लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं से दरोगा मानसिंह का कथित रूप से अभद्र व्यवहार हुआ था। इस घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई। संगठन स्तर पर कड़ा ऐतराज दर्ज कराते हुए उच्चाधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग की गई। भाजपा नेताओं के विरोध और संगठनात्मक दबाव के बाद पुलिस प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की प्रारंभिक जांच के बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।

# कार छोड़ रिक्शा में घूमे विधायक मुकेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण बचाने के आह्वान को धरातल पर उतारते हुए नकुड़ विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मुकेश चौधरी एक अलग अंदाज में नजर आए। विधायक मुकेश चौधरी ने अपनी सरकारी और निजी गाड़ियों को छोड़कर रिक्शे की सवारी की। उन्होंने इस पहल के जरिए आम जनता को पेट्रोल-डीजल बचाने और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का कड़ा संदेश दिया।



विधायक मुकेश चौधरी को अचानक रिक्शे में बैठा देख स्थानीय लोग हैरान रह गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा देशवासियों से प्राकृतिक संसाधनों को बचाने की अपील करते हैं। ईंधन की बचत न केवल हमारी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ी को एक स्वच्छ वातावरण देने के लिए भी अनिवार्य है। विधायक मुकेश चौधरी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा, यदि हम सप्ताह में कम से कम एक दिन भी पेट्रोल-डीजल वाले वाहनों का त्याग करें, तो हम देश की प्रगति में बड़ा योगदान दे सकते हैं। छोटी-छोटी दूरियों के लिए रिक्शा का प्रयोग स्वास्थ्य और जेब दोनों के लिए फायदेमंद है।

# आंधी तूफान से भारी नुकसान

**सरसावा।** विकासखंड सरसावा क्षेत्र में बुधवार रात करीब 9:00 बजे आई तेज आंधी ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़े कई पॉपलर के पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गए। अचानक आई आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कई स्थानों पर गिरे पेड़ बिजली लाइनों पर जा गिरे, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो कई गांवों में बत्ती गुल रही। ग्रामीणों के अनुसार आंधी इतनी तेज थी कि लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। किसानों का कहना है कि पॉपलर के पेड़ों के गिरने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया।

**चिलकाना।** नगर एवं देहात क्षेत्र में बुधवार को रात्रि के समय आए तेज तूफान और हल्की बारिश ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिस कारण यातायात भी बाधित हुआ।

**चिलकाना।** गंदेवड मार्ग पर एक विशाल पेड़ के गिरने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। इस दौरान राहग. ीरों ने तत्परता दिखाते हुए भारी मशक्कत के बाद आपसी सहयोग से पेड़ को रास्ते से हटाया जिसके चलते मार्ग आवागमन के लिए सुचारू हुआ। विद्युत विभाग के एसडीओ पीसी सागर ने बताया की ग्राम चालाकपुर मे तेज आंधी के कारण पेड़ टूटकर 33 केवी लाईन पर गिर गया। जिस कारण बिजली आपूर्ती घंटो बाधित रही। विभागीय कर्मचारियों ने देर रात्रि पेड़ काट कर 2.00 बजे 33 ज्ञट चालू की गई। लगभग 2.20 मिनट पर टाउन फीडर चालू किया गया। वहीं लगातार घण्टो बिजली गुल रहने के कारण क्षेत्रवासियों को गर्मी, अंधेरे व मच्छरों के प्रकोप का सामना करना पड़ा।

**गंगोह।** बीती रात आये तेज आंधी-तूफान से लाला किशन चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सोलर पैनल की प्लेट पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गयी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व खिलाड़ी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शिक्षण संस्था बीएचएस इंटर कॉलेज में गुरुवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों तथा जिला, मंडल एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



मिशन कंपाउंड स्थित विद्यालय मैं आयोजितसमारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र देश का उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र की मजबूत नींव होते हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कॉलेज प्रशासन को भी बधाई दी। कार्यक्रम में बृज ब्राह्मण स्कूल सोसायटी के प्रबंधक अंकित शर्मा एवं कॉलेज प्रबंधक डॉ. हरिप्रक. ाश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है और उनमें आगे बढ़ने का उत्साह पैदा होता है। कॉलेज अध्यक्ष संजय शर्मा एवं उपाध्यक्ष जे. एन. शर्मा ने कहा कि छात्रों की उपलब्धियां ही किसी शिक्षण संस्थान की पहचान होती हैं। वहीं कॉलेज कोषाध्यक्ष विजयमणि शर्मा एवं उपप्रबंधक सर्वजीत शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य मनोज शर्मा एवं वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती जसवन्ती देवी ने सभी सम्मानित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अनिला शर्मा, प्रियंका, रविशंकर कपिल, विकास सैनी, गौरव शर्मा, दीपक शर्मा, राजवीर सिंह वर्मा, रामकुमार शर्मा, विनय कोठारी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण देंगे अपना भरपूर सहयोग: सलमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आगामी ईदुल अजहा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। कोतवाली बेहट पुलिस संवेदना शील गांवों में शान्ति समिति की मीटिंग कर ग्रामीणों को शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील के साथ माहौल खराब करने वालो के प्रति सख्त कार्यवाही करने कीभी चेतावनी दी है।



बुधवार को थाना कोतवाली बेहट के गांव रायपुर कला मे ग्राम प्रधान सलमान आवास गांव के जिम्मेदार लोगों की शांति समिति की मीटिंग ली गई। हल्का इंचार्ज सब इंस्पेक्टर करण नागर ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग ईदुल अजहा का त्यौहार शान्ति के साथ मनाए और सरकार द्वारा जिन पशुओं की इजाजत दी गई है पर्दे में रहकर ही कुर्बानी करे और पशुओं के आवेश को गांव से बाहर नदी में गहरे गड्ढे खुदवाकर दबा दे।

मीटिंग में ग्राम प्रधान सलमान अहमद ने पुलिस को आश्वासन देते हुए कहा कि गांव में सभी लोग त्योहार शान्ति पूर्वक मिलजुलकर मनाते है। उन्होंने ग्राम वासियों से आह्वान करते हुए कहा सरकार की गाईड लाइन का पालन करते हुए कुर्बानी अपने घरों में पर्दे में ही करे और कुर्बानी के मास को कपड़े या काले पालीथीन में ढककर ही ले जाएं। मीटिंग में पूर्व प्रधान हाजी महमूद अली शमशाद फारुख कालू हारून नौशाद अफजाल आस मोहम्मद गुलजार सुल्तान भूरा सम्माब कुर्बान निसार उमर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

इसके अलावा क्षेत्र के गांव बाकरपुर जैतपुर खुर्द पाजराणा जैतपुर कला, में भी हुई शान्ति समिति मीटिंग के दौरान आगामी ईद उल अजहा त्यौहार की तैयारियों को लेकर पुलिस और जिम्मेदार लोगो के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

## ट्यूबवेलों पर दोबारा चोरी

**गंगोह।** ग्राम बहलोलपुर में चोरों ने किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बनाकर एक सप्ताह में दो बार ट्रांसफार्मरों से तेल, तार, कॉइल और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। बार-बार हो रही चोरी से परेशान किसानों ने पुलिस और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया।

ग्राम बहलोलपुर, ठोल्ला व बरसी के किसान राधेश्याम, सुशील, पंकज, उर्मिला, शीशपाल, सतीश, ओमप्रकाश, गुलाब हसन ने पुलिस को तहरीर दी। किसानों का आरोप है कि चोरों ने पहले एक ट्रांसफार्मर से सामान चुराकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

# रोगियों की सुविधा पर जताई संतुष्टि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक में रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं पर संतुष्टि जताई गई।

प्रमुख अधीक्षक डॉ रवि प्रकाश एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ धर्मराज मानू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मेंचिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं की सरहाना की गई है। साथ ही पानी की व्यवस्था दुरुस्त पायी गई और साफ सफाई भी अच्छी मिली। जनहित में चिकित्सालयों के दोनों एंट्री गेट बनने को सराहनीय कार्य बताया गया।

बैठक का संच. ालन प्रबंधक विक्रांत तिवारी द्वारा किया गया बैठक में मौलवी फरीद, डॉ फुरकान अहमद गौरी, आनंद भाटिया, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# इलमा ने सपना किया साकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी के परिवार में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब उनकी पुत्री इलमा मलिक ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने का सपना साकार कर लिया।

गरीब परिवार में जन्मी डॉ. इलमा मलिक ने अपनी शुरुआती शिक्षा सेंट थॉमस एकेडमी से प्राप्त की, जहां उन्होंने इंटरमीडिएट में टॉप कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके बाद उन्होंने नीट जैसी कठिन परीक्षा को भी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण किया और अब एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपने मरहूम दादा हाजी इरशाद अहमद और नाना हाजी अली हसन का सपना भी पूरा कर दिया।

उल्लेखनीय है कि सहारनपुर में शाबर के खानदान की वह पहली लड़की हैं, जिन्होंने नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। परिवार के लोगों और शुभचिंतकों ने डॉ. इलमा मलिक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नहीं होने देंगे मौलिक अधिकारों का हनन: डा. अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि मानवाधिकार के आयोग के नाम पर स्कूल संच. ालकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।



डा.अशोक मलिक देहरादून रोड स्थित एक रेस्तरा में संघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की किताबें मार्केट में पर्याप्त मात्रा में है नहीं और 2 महीने का बच्चों का कोर्स होने जा रहा है लेकिन किताबों के नाम पर निजी स्कूलों का शिक्षा विभाग शोषण कर रहा है। शिक्षा निदेशक बेसिक के पत्र के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों के संचालकों को लुटने के लिए प्रतिस्पर्धा सी लगी हुई है। सहारनपुर सहित 13 जनपदों के 104 खंड शिक्षा अधिकारी भ्रष्टाचार की चपेट में आ चुके हैं जबकि 15 खणड शिक्षा अधिकारी निलंबित हो चुके हैं बेसिक शिक्षा विभाग में 1031 पद सृजन होने के सापेक्ष में 172 पद अभी भी खाली है। एक-एक खंड शिक्षा अधिकारी दो दो तीन-तीन ब्लाकों में कार्यरत है। सरकार को चाहिए खंड शिक्षा अधिकारीयो पर लगाम कसे खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्यालयओ में उपस्थित दरज होनी चाहिए इसलिए शिक्षा अधिकारी सुबह से लेकर शाम तक फील्ड में सरकारी कार्य कम और उगाही का कार्य ज्यादा कर रहे हैं।

अवसर पर प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट जिला महामंत्री गयूर आलम संगठन मंत्री मसरूर मिर्जा और महानगर सचिव मोहम्मद शादाब मनीष मंगलम शशिकांत शर्मा अजय सिंह रावत हंस कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बढ़ती गर्मी के चलते दो वाटर कूलर लगवाए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बढ़ती गर्मी के मद्देनजर हेतु विकास भवन के प्रथम तल में नवीनतम दो वाटर कूलर का सहयोग दिया गया।

इस पुण्य कार्य का शुभारंभ उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन और यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख सुधीर कुमार गुप्ता के कर-कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया।

समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडा एवं स्वच्छ जल उपलब्ध कराना मानवता की सच्ची सेवा है। इस पहल से प्रतिदिन विकास भवन में आवागमन करने वाले वक्तियो एवं जरूरतमंदों को राहत मिलेगी।

# भाजपा महिला मोर्चा का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा सांसद अजेंद्र लोधी द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।



भाजपा से जुडी महिलाएं हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर एकत्र हुई और वहां से पैदल मार्च करती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची। क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा रमा गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र लोधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सांसद अजेंद्र लोधी से देश की जनता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग उठाई, साथ ही समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की ओर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। आज भारत विश्व की बड़ी शक्तियों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है और देश की मातृशक्ति, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए केंद्र सरकार लगातार ऐतिहासिक योजनाएं चला रही है। ऐसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के खिलाफ विपक्षी नेताओं द्वारा इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग केवल राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा चोपड़ा, महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा ने भी विचार रखे। प्रदर्शनकारियों में सरोज शर्मा, मोनिका गांगयान, कंचन धवन, बबीता सैनी, सोनम कश्यप, सारिका गुप्ता, स्वाति सैनी, दुर्गा सागर, जूली, हरप्रीत कौर, लक्ष्मी पांडे, नीता नारंग, अन्नू शर्मा, नंदिनी बाटला, आशा सब्बरवाल, सारिका वालिया, ऊषा उपाध्याय, रक्षा नामदेव, स्नेहा टंडन, राजेश सहल, किरण चौधरी, गीता रानी, अंजु त्यागी, कांता त्यागी आदि शामिल रही।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 10 लाख रूपए कीमत की 50 ग्राम अवैध स्मैक एवं साढ़े पांच हजार की नगदी बरामद की।

थाना नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा एवं उपनिरीक्षक नरेश भड़ाना के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर फरमान उर्फ मोनू पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला भंगी चौक शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को शेखपुरा टपरी मिनी बाईपास तिराहे की तरफ खाली पड़े प्लॉट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 ग्राम अवैध स्मैक व 5450 रूपए की नगदी बरामद कर ली।

# आसिम मलिक फिर भाकियू वर्मा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पृथक राज्य निर्माण के लिए आसिम मलिक ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत को छोड़कर फिर से भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा का दामन पकड़ लिया है।



महफूज गार्डन स्थित कार्यालय पर भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा का परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में लगातार बढ़ता जा रहा है।

प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने कहा कि भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में किसानो की समस्याओं के लिए संघर्ष में भागीदारी करूंगाऔर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण में अपना पूरा योगदान दूंगा।

बैठक में डॉ अब्दुल खालिक को मंडल प्रभारी नियुक्त किया और अब्दुल सत्तार को महानगर मंत्री व मोहम्मद गुलबाहर को सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया। बैठक में पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह प्रदेश सचिव एजाज अहमद प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष मुकर्रम प्रधान अर्सलान राव वली उल्लाह मोहम्मद सलमान खालिद मलिक शाह नजर ने भाग लिया। अध्यक्षता हाजी वली मोहम्मद ने की और संचालन समीर राव ने किया।

